NATIONAL INTEGRATION CAMP-2024
REDMI NOTE 12 PRO 5G
BY ANKUSH
20/03/2024 22:36

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
Government of India / भारत सरकार
Ministry of Youth Affairs & Sports / युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Regional Directorate of NSS, Bhubaneswar, Odisha / राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भुवनेश्वर, ओडिशा
NATIONAL INTEGRATION CAMP-2024
राष्ट्रीय एकीकरण शिविर- 2024
Date: 16th to 22nd March 2024
Venue: Padmabati Water Park, Pa
dia, Balasore, Odisha
Organise
Fakir Mohan U
Balasore
Regional Directorate o
war, Odisha

प्रभात खबर
पटना, सोमवार
25.03.2024
06

बालेश्वर में वीकेएसयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने लहराया परचम

संवाददाता, आरा

विजेता शील्ड के साथ वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक.

ओड़िशा के बालेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बिहार के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया. वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों अंकुश गुप्ता, राजवर्धन, निवेदिता कुमारी, नेहा कुमारी करिश्मा कुमारी तथा कुमार वैभव ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर 2024 में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिविर की विभिन्न गतिविधियों में अपना स्थान कायम किया. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ तबस्सुम बानो के सानिध्य में टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बिहार की राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ छाप छोड़ी. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंकुश कुमार गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं, योग प्रदर्शन प्रतियोगिता में कुमार वैभव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

जबकि सांस्कृतिक संध्या की रंगारंग प्रस्तुतियों में एक तरफ जहां बिहार के रणबांकुरे बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन चरित्र को नृत्य के माध्यम से एसबी कॉलेज के राजवर्धन चौबे, महाराजा कॉलेज की नेहा कुमारी, रोहतास महिला कॉलेज की निवेदिता सिंह, जगजीवन कॉलेज के कुमार वैभव तथा डीके कॉलेज, डुमरांव की करिश्मा कुमारी ने अनोखा दृश्य प्रस्तुत किया. वहीं, बिहार के दुर्गा पूजा, छठ पूजा तथा होली के त्योहार को भी प्रदर्शित किया. रोहतास महिला कॉलेज की निवेदिता सिंह ने मिथिला संस्कृति की झलक अपने नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित की. कार्यक्रम के अंतिम विदाई समारोह में बिहार की टीम ने अपनी संस्कृति के विभिन्न पक्षों का प्रदर्शन करके सभी राज्यों के सामने बिहार की संस्कृति के छुपे हुए अवयवों को उजागर किया. सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर फकीर मोहन यूनिवर्सिटी बालेश्वर में चला. शिविर के समापन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंकुश ने रीजनल डायरेक्टर उड़ीसा को स्वच्छता संबंधी ,योगा इंस्ट्रक्टर को योग संबंधी तथा कुलपति फकीर मोहन यूनिवर्सिटी को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पेंटिंग भेंट की. इसकी सभी ने सराहना की. राष्ट्रीय सेवा योजना की वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की टीम में अपने प्रदर्शन को लेकर खुशी की लहर है. इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक वीर कुंवर सिंह विवि डॉ साधना रावत निर्दल, नायक वकील, तबस्सुम बानो और स्वयंसेवकों को बधाई दी. बधाई देने वालों में अंकुश कुमार,सनोज चौधरी, अंकित कुमार, संजय तिवारी,आरती चौधरी, अंकित राज एवं राहुल थे.

वही राजवर्धन चौबे ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए अलग-अलग महाविद्यालय से होने के बाद भी सभी ने एक दूसरे का साथ दिया और कुशल स्वयंसेवक की परिभाषा बतायी.